# श्री यशोदा माता मंदिर में 16 अगस्त शनिवार को जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जावेगा एवं तीन दिवसीय होगा समारोह



इन्दौर श्री यशोदा माता मंदिर के पं. महेन्द्र दीक्षित व पं. मनीष दीक्षित ने जारी एक बयान में बताया कि मंदिर में 16 अगस्त 2025 शनिवार को जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर को हजारो रंग बिरंगे बल्वों से राजाया गया है। उत्सव में भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया जायेगा। मंदिर में आकर्षक साज सजावट की जा रही है। मंदिर को बैकुण्ठ धाम का रूप दिया गया है।

रात्रि 12 बजे महापूजा एवं जन्म आरती होगी। आरती के पश्चात् प्रसाद वितरण किया जावेगा। दिनांक 17 अगस्त 2025 रविवार को नंद उत्सव और छप्पन भोग के दर्शन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक होंगे। रात्रि 9 बजे से मंदिर परिसर में भजन संध्या होगी। दिनांक 18 अगस्त सोमवार को मोर पंख के झुले में लड्डु गोपाल को झूलाया जायेगा व बलून श्रृंगार के दर्शन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक होंगे। श्री दीक्षित ने बताया कि संतान प्राप्ति के लिए यशोता माता की गोद भराई दिनांक 15, 16 एवं 17 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। जन्माष्टमी पर फरियाली पंजेरी मेवा युक्त 100 किलो की बनाई जा रही है। साथ ही फरियाली खिचड़ी एक हजार किलो एवं माखन मिश्री का विशेष प्रसाद बांटा जायेगा ।

## श्री यशोदा माता मंदिर का इतिहास............

आज से वर्ष पूर्व यशोदा माता मंदिर की स्थापना पंडित आनंदीलालजी दीक्षित द्वारा की गई थी, मंदिर में यशोद माता की प्रतिमा है जिसमें माता अपनी गोद भगवान श्रीकृष्ण को लेकर विराजमान है दूसरी तरफ भगवान श्रीकृष्ण गोर्वधन पर्वत को अपनी चीटी उंगली पर लेकर खड़े है आस-पास राधा रुकमणी विराजमान है। तथा दो ग्वाल बाल एवं गायें भी विराजित है । भारतवर्ष में यशोदा माता मंदिर एकमात्र है और वह इंदौर शहर के हृदय स्थल खजूरीबाजार में स्थित है यह मूर्तियाँ जयपुर से इन्दौर बेलगाड़ी द्वारा चालीस दिनों में इन्दौर लाई गई थी यहाँ जन्माष्टमी महोत्सव प्रतिवर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर इन्दौर एवं आसपास के शहरों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन दर्शन कर अपने को धन्य पाते है।

माता यशोदा का चमत्कार है कि जिन महिलाओं को संतान नहीं है वे मंदिर में आकर माता की गोद भरती है तो उनके यहाँ संतान प्राप्त होती है।

जन्माष्टमी पर्व विगत मंदिर स्थापना से सतत् मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। मंदिर में वर्ष में लगातार धार्मिक कार्यक्रम भजन, पूजन, अभिषेक एवं विशेष अवसरों पर मनमोहन आकर्षक श्रृंगार किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन विशेष रुप से सिंघाड़े के आटे को शुद्ध घी में सेककर मेवायुक्त पंजेरी जिसमें सभी मेवों का मिश्रण किया जाता है इसके साथ मिश्री एवं माखन का प्रसाद विशेष एवं चरणामृत के साथ फलों का प्रसाद सतत् बांटा जाता है।

मंदिर के प्रथम महंत श्री आनंदीलालजी दीक्षित थे उनके बाद उनकी सुपुत्री मंहतानी श्रीमती अन्नपूर्णाबाई ने संभालते हुए मंदिर की परंपरा को कायम रखा। उनके बाद ब्रह्मलीन महन्त राजेन्द्रकुमार दीक्षित ने चालीस वर्षो तक इस मंदिर का संचालन किया। वर्तमान में ब्रह्मलीन महन्त राजेन्द्रकुमार दीक्षित के सुपुत्र पं. महेन्द्रकुमार दीक्षित एवं मनीषकुमार दीक्षित इस मंदिर का संचालन कर रहे है ।

## भाजपा नेता गुलशन यादव ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



इंदौर। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के तिरंगा यात्रा के लिए इंदौर पधारने पर विमानतल पर यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष और भाजपा नेता गुलशन यादव ने अंगवस्त्र पहना के अभिनंदन किया और भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर भेंट कर जन्माष्टमी महापर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री तुलसी सिलावट,भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित शहर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा संपन्न




इंदौर। म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म. प्र.शासन) के तत्वावधान में ग्राम बड़ीकलमेर,नैनोद,बीसनावदा,बेगम खेड़ी, खाती पिपलिया, सनावदिया,हातोद,जम्बुड़ी हप्सी,बुराना खेड़ी,जलोदकेऊ विकासखंड के पांचो सेक्टर के 25 ग्रामों एवं नगर पंचायत में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान को लेकर जागरूकता संगोष्ठी एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री दिनेश जी केलवा,श्री राजेश जी तंवर,श्री नंदकिशोर जी पांचाल,प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के विद्यार्थि,ग्राम के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए !

# आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मानपुर में विधिक सहायता शिविर सम्पन्न

### महू न्यायालय के न्यायाधीश द्वय ने दिया मार्गदर्शन

महू (इंदौर समाचार) गुरुवार को मानपुर के आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास में रहवासी छात्रों के लिए विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया।



शिविर में महू न्यायालय के न्यायाधीश द्वय नीलेश मुलतकर,व दीर्घा एरेन ने कानून संबधी जानकारियां मानपुर आदिवासी छात्रावास में न्यायाधीश द्वय द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चलाने ,बिना रजिस्ट्रेशन,बिना लायसेंस, होने वाली आर्थिक हानि के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

रहवासी छात्रों को अपने मौलिक अधिकार व कर्तव्य के प्रति दिशा निर्देश दिए। न्यायाधीश द्वय ने बच्चो से कहा संस्कार वान बने रहे। अध्यन कर अपने वांछित लक्षय को प्राप्त करने हेतु प्रेरक संदेश भी दिए। सायबर अपराध (एआई)

आर्टिफिशयल के बारे में सजग रहने हेतु विस्तार से मार्गदर्शन दिया।न्यायाधीशों का रहवासी छात्रों ने पुष्प भेट कर करतल ध्वनि कर आत्मीय स्वागत किया। न्यायाधीश द्वय का छात्रावास अधीक्षक महेश कुमार यादव ने छात्रों को परिचित करवाया। इस अवसर मानपुर पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक जसमल मुवेल,व कोर्ट मुंशी परिक्षित यादव भी उपस्थित थे। विधिक सहायता शिविर का संचालन महेश कुमार यादव ने किया। न्यायाधीश द्वय का व श्री मुवेल,व श्री यादव का आभार अधीक्षक महेश कुमार यादव ने माना।रहवासी छात्रों ने एकग्रता के साथ शिविर में शामिल हुए।

## राज्य स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग स्पर्धा संपन्न, वॉरियर के शूटरों ने 13 मेडल पर किया कब्जा




महू (इंदौर समाचार) 28 वी राज्य स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग स्पर्धा 7अगस्त से प्रारम्भ हुई जिसका समापन दिनांक 14 अगस्त को हुआ जिसमे महू की वारियर राइफल पिस्टल शूटिंग क्लब ने कुल टीम और इंडिजूयल सिंगल इवेंट मे 13 मेडल हासिल किये जिसमे, वीर गोडाले, वंश कुमायु, दक्ष पथरिया ने यूथ राइफल मेन मे सिल्वर मेडल, जूनियर पिस्टल मेन मे यश राठौर, दिव्यांश चौरसिया, पियूष सिंह ने सिल्वर मेडल, सीनियर वुमेन मे पायल चौधरी,नंदिनी घारु, विधि कौशल ने ब्रोज मेडल हासिल किये, व अकादमी का प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा जिसमे सभी एन आर केटेगिरी के खिलाड़ियों ने कोलीफाय करके आल इंडिया प्री नेशनल, पश्चिम राज्यों की वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए कोलीफाय किया, जिसकी अकादमी व खिलाड़ियों द्वारा सम्पूर्ण तयारी की जा रही है, जिसके लिए डायरेक्टर रोहित चौरसिया कोच अनंत चौरसिया बंटी खंडेलवाल विजय खंडेलवाल ने भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्लॉथ मार्केट शाखा का उद्घाटन



इंदौर। आज इंदौर क्षेत्र में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्लॉथ मार्केट शाखा का उद्घाटन किया गया। इस शाखा का उद्घाटन इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख श्री आर के सिंह द्वारा किया गया। इस समारोह में उपक्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रबोध जैन तथा अन्य मुख्यप्रबंधक एवं सम्मनीय ग्राहक भी उपस्थित थे।

क्लॉथ मार्केट शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन स्थानीय इलाके में स्थित एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र में किया गया, जो व्यापार और वित्तीय लेन-देन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। इस शाखा के खुलने से क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार की बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिनमें बचत खाते, चालू खाते, ऋण, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं और अन्य वित्तीय उत्पाद शामिल हैं। इसके साथ ही, यह शाखा विशेष रूप से छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के लिए कर्ज और वित्तीय सहायता प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

## बिजली कंपनी मुख्यालय पर एमडी श्री सिंह करेंगे ध्वजारोहण

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड इंदौर स्थित मुख्यालय पर प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री अनूप कुमार सिंह स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शुक्रवार सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत एमडी श्री सिंह का कंपनी कार्मिकों के लिए विशेष उद्बोधन होगा।

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी स्तरीय समारोह में विभिन्न विभागीय कार्य, उपभोक्ता सेवाओं, शासन कंपनी के लक्ष्यों की पूर्ति के श्रेष्ठ कार्य करने वाले करीब 178 कार्मिकों को एमडी श्री सिंह द्वारा सम्मानित किया जाएगा। राजस्व संग्रहण में सर्वोत्तम कार्य करने वाले को स्वर्ण, रजत पदक से भी नवाजा जाएगा।

## नवीन भवन की मांग को लेकर जिलाधीश को दिया ज्ञापन

देवास,पवनयादव। अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में गिराये जा रहे एवं जर्जर स्कूल भवन की जगह नवीन भवन बनाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कई स्कूल भवन गिरने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बच्चें तो पढ़ाई छोड़ देते हैं।

क्योंकि सभी शासकीय स्कूलो में गरीब एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ही बच्चें पढ़ाई करते है जो कि प्रायवेट स्कूलो की भारी भरकम फीस जमा करने में असमर्थ रहते हैं और मजबूरी में पढ़ाई छोड़ देते है सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं देती है यह सब प्रायवेट स्कूल वाले के दबाव में जानबूझकर कर शासकीय भवन शिक्षको की कमी करती हैं।

संस्था निवेदन करती है कि जर्जर भवनों की जगह नये भवन का निर्माण करवाया जावें। जिसमें सभी सुविधाए हो और प्रतिवर्ष भवनो का निरीक्षण उच्च अधिकारियों द्वारा कराया जायें।

### कार्टून कोना..........




## वंदे मातरम ,भारत माता की जय के नारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा , एसडीएम ने किया नृत्य तो विधायक ने लहराया तिरंगा






महू (इंदौर समाचार)महू में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा कैंटोनमेंट गर्ल्स स्कूल से प्रारंभ हुई। पुलिस जवान वाहनों पर तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व मंत्री उषा ठाकुर जीप पर सवार होकर भारत माता की जय के नारे लगा रही थीं। एसडीएम राकेश परमार, तिरंगा थाम थिरकते हुए चल रहे थे ।उनके साथ अनेक पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी यात्रा में मौजूद थे। इस तिरंगा यात्रा में महिला आयोग के कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, बाइक ग्रुप , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल हुए। सामाजिक संगठन, महिला संगठन, भाजपा कार्यकर्ता और युवा मोर्चा ने भी हिस्सा लिया। स्कूली बच्चे भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा में जोश भर रहे थे।यात्रा के दौरान पूरे शहर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। तिरंगा यात्रा का सांघी स्ट्रीट, कोतवाली चौक, मेन स्ट्रीट, माणक चौक, फूल चौक, छोटा बाजार और गोकुल गंज में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। युवाओं ने देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। यात्रा का समापन श्याम विलास चौराहे पर हुआ। शाम को चोपड़ा वाटिका में %एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**

निविदा संख्या : SnT_RTM_25_14_SIGNAL दिनांक : 12.08.2025, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी ) पश्चिम रेलवे, रतलाम के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** बेराच जंक्शन स्टेशनः मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर ऑटो रिसेटिंग सुविधा के साथ द्वारा डुअल डिटेक्शन का प्रावधान के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹2,10,89,293.00/-, **बयाना राशि :** ₹2,55,500.00/-, **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 04/09/2025, समय **15.00 बजे** तक, **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 04/09/2025, समय **15.30 बजे के बाद, वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान :** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई - निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), पश्चिम रेलवे, रतलाम

SNP-187

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## लोक देवता वीर गोगादेव जन्मोत्सव 17 को, निकलेंगे छड़ी निशान

इन्दौर। आगामी 17 अगस्त को लोक देवता वीर गोगा देव महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न बस्तियों से छड़ी निशान के साथ निकलने वाले जुलूस राजवाड़ा पर पहुंचेंगे जहां से ये पंढरीनाथ चौराहा स्थित वीर गोगा देव मंदिर पर जाएंगे। इस दौरान विभिन्न संगठनों के द्वारा बेहतर निशान बनाने वाले संगठनों को पुरस्कृत किया जाएगा। लीलाधर करोसिया ने बताया कि समस्त बस्ती में जाकर श्रेष्ठ छड़ी इंसानों के सेहरा कटिंग का निरीक्षण आज 15 अगस्त शाम 5 बजे से किया जाएगा। समस्त बस्तियों के शेहरो का अवलोकन कर निर्णायक कमेटी द्वारा श्रेष्ठ छड़ी को चयनित किया जाएगा। वहीं चल समारोह के लिए सरकारी मुख्य निर्णायक मंच राजवाडा पर लगेगा जहां से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके साथ ही चलित झांकियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए गठित कमेटी में अभिषेक करोसिया, राज कल्याणे, दीपक डागर को लिया गया है।

## इन्दौर प्रेस क्लब में दास्तान-ए-तकसीमे हिंद 17 को

इन्दौर। नाथ वास्तु सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, कानपुर द्वारा 17 अगस्त को इंदौर प्रेस क्लब में शाम साढ़े छह बजे से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सूत्रधार द्वारा 1947 में हुए देश के बँटवारे की घटनाओं का संकलन दास्तानगोई दास्तान-ए-तकसीमे हिंद के जरिए बताया जाएगा। इसके लेखक महमूद फारूकी है और कलाकार प्रवीण कुमार अरोड़ा व कामेश सेठी। निर्देशन प्रवीण कुमार अरोड़ा का रहेगा।